दिनांक : 29.07.2024 समय : 07.10 pm

**मुख्य समाचार :–**

- विश्व बाघ दिवस पर मुख्यमंत्री ने कहा मध्यप्रदेष अब अन्य राज्यों को देगा टाइगर।
- सावन के दूसरे सोमवार पर षिवालयों में लगा श्रद्धालुओं का तांता।
- प्रदेष के कई जिलों में भारी बारिष की चेतावनी, खोले गये बरगी डेम के गेट।

**टाइगर डे**

हमारा प्रदेश टाइगर स्टेट है, यहां पर देश के अन्य राज्यों से अधिक 7 सौ 85 बाघ हैं, इसलिए राज्य को टाइगर स्टेट का दर्जा मिला है। अब हमारा प्रदेश अन्य राज्यों को भी टाइगर उपलब्ध कराएगा। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कहीं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नए टाइगर रिजर्व विकसित किए जाएंगे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने वन और वन्य प्राणियों के संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए वन कर्मियों और अधिकारियों को सम्मानित किया गया। वहीं, पूरे राज्य में ऐसे आयोजन किये गए। शिवपुरी में माधव नेशनल पार्क द्वारा रन फॉर टाइगर्स रैली निकाली गई, जिममें विधायक देवेंद्र जैन ने पुरस्कार बांटे। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वन्य जीव जागरूकता के तहत विविध आयोजन हुए। वन और वन्य जीव संरक्षण में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। उधर, रायसेन के वन परिसर में बाघ का महत्व बताते हुए नागरिकों को जागरूक किया गया।

**मुख्यमंत्री समीक्षा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मैपकास्ट के द्वारा विज्ञान एवं शोध की दिशा में सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि मेपकास्ट द्वारा प्रदेश में विज्ञान के प्रति चेतना बढ़ाने का कार्य और तेज किया जाना चाहिए। सभी संभाग केंद्रों पर विज्ञान गतिविधियों के आयोजन बढ़ाए जाने चाहिए। समीक्षा बैठक में मेपकास्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी, प्रधान वैज्ञानिक विकास शेंडे सहित कई वैज्ञानिक शामिल हुए।

**सावन सोमवार**

आज श्रावण अर्थात सावह महीने के दूसरे सोमवार के अवसर पर शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। उज्जैन स्थित विश्वप्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल के मंदिर में लाखों भक्तों ने पूजा—पाठ की। जबलपुर संवाददाता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुबह से ही हजारों कावड़िया अपने-अपने कंधे में कावड़ उठाकर नर्मदा जल लेकर 35 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए कैलाश धाम मटामर के लिए निकल पड़े। खास बात यह है कि हर कवाड़िया नर्मदा जल के साथ-साथ एक पौधा भी रखते है जिसे कि कैलाश धाम की पहाड़ी में लगाया जाता है। आगर मालवा स्थित प्रसिद्ध प्राचीन व ऐतिहासिक शिवालय श्री बैजनाथ महादेव मंदिर पर भी दर्शनार्थी भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। वहीं, खंडवा जिले की तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में भगवान ममलेश्वर की सवारी निकाली गई। सवारी ओंकारेश्वर मंदिर से होकर कोटीतीर्थ घाट पहुंची, जहां भगवान ओंकारेश्वर की रजत प्रतिमा का दुग्ध एवं पंचामृत से अभिषेक किया गया।

**बांध गेट सावधानी**

रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के 7 गेट आज खोल दिए गए हैं। यहां से बहने वाला पानी नर्मदा नदी में तेजी से मिल रहा है, इसके चलते नर्मदा किनारे बसाहट वाले जिलों जबलपुर, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम और सीहोर में जल बहाव बढ़ सकता है। बांध प्रबंधन ने उपरोक्त जिलों के निचले क्षेत्रों के निवासियों से अपील की है कि नागरिक नर्मदा घाटों से दूर रहें।

**पचमढ़ी मेला**

मध्य प्रदेश के एकमात्र हिलस्टेशन पचमढ़ी में 1 अगस्त से 10 दिवसीय नागद्वारी मेला प्रारंभ होने वाला है। इस दौरान नागमंदिर स्थित नागमूर्ती के दर्शन करने लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचेंगे। मंदिर में रखी गई दानपेटी में दान भी तेजी से मिलता है, इस कारण प्रशासन ने दान पेटी की सुरक्षा के लिए तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

**बारिश चेतावनी**

प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। अधिकांश जिलों में अच्छी बारिश हो रही है। सोमवार को भी एक दर्जन से अधिक जिलों में पानी गिरा। मौसम विभाग ने आज रात और कल अधिकांश जिलों में बारिश होने का अनुमान जताया है। खंडवा, नरसिंहपुर, बैतूल, खरगोन, बड़वानी, मऊगंज, मंदसौर, धार, हरदा, आगर, राजगढ़ रीवा, बुरहानपुर, नर्मदापुरम, उमरिया, शहडोल, छतरपुर, पन्ना, इंदौर, अलीराजपुर, झाबुआ, सागर में गरज चमक के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है।

बैतूल में जोरदार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। औसत बारिश का ऑकड़ा 17.56 इंच पहुंच गया है। माचना नदी में

बाढ़ आ गई, नदी नालों में बाढ़ से बैतूल-बुरहानपुर मार्ग बाधित रहा। सतना जिले में आज सुबह तक 288.5 मिली मीटर बारिश दर्ज हुई है। वहीं, इंदौर जिले में कल तक 344.7 मिली मीटर बारिश हो चुकी थी।

**राजा भोज, व्याख्यान**

पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय भोपाल में कल परमार शासक राजा भोज एवं उनकी रचनाओं एवं भृतहरि पर आधारित व्याख्यान होगा। इस अवसर पर डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान भोपाल एवं अश्विनी शोध संस्थान उज्जैन के संयुक्त तत्वाधान में प्राचीन अस्त्र-शस्त्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। इस प्रदर्शनी एवं व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विश्वविद्यालयों के शोधार्थी विद्यार्थियों एवं विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों को प्राचीन अस्त्र-शस्त्र विद्या तथा परमार शासक राजा भोज के व्यक्तित्व तथा उनकी रचनाओं की जानकारी से अवगत कराना है। गौरतलब है कि बड़े वास्तुशिल्पी और अन्य कई कलाओं में पारंगत राजा भोज ने ही राजधानी भोपाल के वास्तुशिल्पकार माने जाते हैं।

**अनिवार्य घोषणा- पब्लिक स्पीक**

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग साप्ताहिक कार्यक्रम पब्लिक स्पीवक में आज "डायबिटिज यानी मधुमेह की रोकथाम और उपचार" पर परिचर्चा प्रसारित करेगा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली के एंडोक्रिनोलोजी विभाग में प्रोफेसर डॉक्टर राजेश खडगावत श्रोताओं के प्रश्नों के उत्तर देंगे। कार्यक्रम के दौरान स्टूडियो में उपस्थित विशेषज्ञो से डायबिटिज के लक्षण, कारण और उपचार सहित स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने के बारे में प्रश्न पूछे जा सकते हैं। श्रोता टेलीफोन नंबर 011-23 42 10 50 और 011-23 31 44 44 पर प्रश्नल पूछ सकेंगे। इसके अलावा वाट्सऐप नंबर 92-89-

09-40-44 पर भी सवाल भेजे जा सकते हैं। हैशटैग आस्क ए.आई.आर. के साथ एक्स4 पर भी सवाल पोस्टन किये जा सकेंगे। कार्यक्रम आकाशवाणी के एफएम गोल्ड और अतिरिक्त मीटरों पर रात साढ़े नौ बजे से प्रसारित होगा।

**अंतर्राष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड 2024**

भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने ईरान के इस्फ़हान में **21** जुलाई से **29** जुलाई तक आयोजित **54**वें अंतर्राष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड **2024** में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। सभी पांच भारतीय प्रतिभागियों ने पदक जीते हैं, जिनमें **2** स्वर्ण और **3** रजत पदक शामिल हैं। मध्य प्रदेश के वेद लाहोटी और छत्तीसगढ़ के रिदम केडिया ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि महाराष्ट्र के आकर्ष राज सहाय, उत्तर प्रदेश की भाव्या तिवारी और राजस्थान के जयवीर सिंह को रजत पदक से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में **43** देशों के कुल **193** छात्रों ने भाग लिया।

समाचार संक्षेप

— भोपाल में आयोजित संभागीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आइटीबीपी शिवपुरी के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। स्वर्ण, रजत और कांस्य सहित कुल 15 पदक हासिल करके राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए 18 विद्यार्थी चयनित हुए हैं।

— शाजापुर में लोकायुक्त की टीम ने पटवारी शाहिद शाह को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। वह जमीन के बटवारा के नाम पर रिश्वत ले रहा था।

- सागर कलेक्टर दीपक आर्य ने कहा है कि जिले की सभी मूंग खरीदी केन्द्रों का सभी राजस्व अधिकारी लगातार निरीक्षण करें एवं

गड़बड़ी पाए जाने पर मूंग खरीदी केंद्र को सील कर पुलिस कार्रवाई करें।

- जबलपुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल अस्पताल कॉलेज के मेडिकल छात्र और जूनियर डॉक्टर्स ने स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर डीन कार्यालय के सामने जमकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की।

- नीमच जिले के जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत भमेसर के सचिव मुकेश पाराशर को निलंबित कर दिया है, उस पर संबल योजनान्तर्गत अंत्येष्टी सहायता राशि, स्वयं आहरण कर हितग्राही को भुगतान नहीं करने की शिकायत की गई थी।

**मुख्य समाचार**

- विश्व बाघ दिवस पर मुख्यमंत्री ने कहा मध्यप्रदेष अब अन्य राज्यों को देगा टाइगर।
- सावन के दूसरे सोमवार पर षिवालयों में लगा श्रद्धालुओं का तांता।
- प्रदेष के कई जिलों में भारी बारिष की चेतावनी, खोले गये बरगी डेम के गेट।